उच्च न्यायालय जोधपुर परिसर में बनेगा बार काउंसिल ऑफ राजस्थान का नवीन भवन

चर्चा में क्यों?

22 जुलाई, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर स्थित राजस्थान उच्च न्यायालय के परिसर में बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के नवीन भवन निर्माण के लिये37 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।

प्रमुख बिंदु

- इस मंज़ूरी से बार काउंसिल के नवीन भवन के भूतल पर 500 व्यक्तियों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, स्ट्रांग रूम, विद्युत कक्ष व स्टाफ रूम आदि का निर्माण तथा भूतल पर बार काउंसिल के सचिव व पदाधिकारियों के कक्ष एवं अन्य सुविधाएँ विकसित की जाएंगी।
- इसके प्रथम व द्वितीय तल पर काउंसिल के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन के कक्ष, मीटिंग हॉल, लाइब्रेरी, ड्राइवर डोरमेटरी, मल्टीपरपज हॉल तथा ऑफिस आदि का निर्माण कराया जाएगा।
- इस भवन का निर्माण राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम (आरएसआरडीसी) द्वारा किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2022-23 के बजट में इस संबंध में 8.53 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान की घोषणा की गई थी। ऑडिटोरियम एवं निर्माण क्षेत्र में बढ़ोतरी होने के कारण सुविधाओं का विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री ने 14.37 करोड़ रुपए की संशोधित राशि के लिये स्वीकृति प्रदान की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bar-council-of-rajasthan-s-new-building-in-high-court-jodhpur-campus